**<u>मूल हिंदी में</u>**

भारत सरकार

पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न सं. 4302**

**13.12.2019** को उत्तर के लिए

**उद्योगों के लिए पर्यावरणीय कानून**

**4302. श्रीमती रंजीता कोली :**

क्या **पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या देश में उद्योग स्थापित करने हेतु पर्यावरण और वन संबंधी सख्त कानूनों के कारण देश में उद्योग स्थापित नहीं किए जा रहे हैं;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ग) सरकार द्वारा इस संबंध में क्या सुधारात्मक उपाय किए गए हैं?

**उत्तर**

**पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन राज्य मंत्री**
**(श्री बाबुल सुप्रियो)**

(क) और (ख) जी, नहीं।

(ग) सरकार द्वारा पर्यावरणीय स्वीकृतियां प्रदान करने की प्रक्रिया को त्वरित करने के लिए विभिन्न कदम उठाए गए हैं, जिनमें अन्य बातों के साथ-साथ, निम्नलिखित शामिल हैं :-

- देश में पर्यावरण, वन, वन्यजीव और सीआरजेड स्वीकृतियों के लिए पूर्णत: ऑनलाइन, त्वरित और पारदर्शी प्रणाली स्थापित करने हेतु **परिवेश** (प्रो-एक्टिव एण्ड रिस्पॉन्सिव फैसीलीटेशन बाइ इंटरएक्टिव, वर्चुअस एण्ड एनवायरनमेंटल सिंगल-विण्डो हब) नामक सिंगल विण्डो एकीकृत पर्यावरणीय प्रबंधन प्रणाली की शुरुआत करना;
- मानकीकृत विचारार्थ विषयों का अंगीकरण करना;
- बेसलाइन डेटा के एकत्रीकरण में सुनम्यता लाना;
- पर्यावरणीय स्वीकृति संबंधी मानक शर्तों का प्रतिपादन करना;
- राज्य स्तरीय प्राधिकरणों और क्षेत्रीय प्राधिकरणों को परियोजनाओं या कार्यकलापों का अधिक संख्या में प्रत्यायोजन करना;
- परियोजना प्रस्तावकों को एसएमएस के माध्यम से सूचित करना;
- नागरिकों और परियोजना प्रस्तावकों की सुगमता के लिए विभिन्न व्यवसाय संबंधी प्रक्रियाओं को पुनर्निर्धारित/संशोधित करना;
- राष्ट्रीय महत्व की परियोजनाओं तथा रक्षा और देश की सुरक्षा से संबंधित परियोजनाओं के लिए विशेष संवितरण करना;
- एकबारगी उपाय के रूप में पर्यावरणीय स्वीकृति प्राप्त किए बिना आरंभ/विस्तारित की गई परियोजनाओं को मूल्यांकित/अनुमोदित करने की प्रक्रिया से संबंधित अधिसूचना जारी करना; आदि।

*****